कोषाध्यक्ष का प्रतिवेदन .....



आदरणीय अध्यक्ष जी, समारोह के उद्घाटनकर्त्ता मुख्य अतिथि, मंच पर विराजमान समस्त विशिष्ट जनों, आगन्तुक सज्जनों, पत्रकार बंधुओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं समस्त उपस्थित बंधुओं तथा केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारीगण को 31वीं वार्षिक आमसभा के अवसर पर स्वागत है।

कुशवाहा अभियन्ता फोरम अभियंताओं के लिए एक ऐसा मंच है जहाँ अभियंतागण एवं उनके परिवार के लोग अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। प्रत्येक वर्ष वार्षिक आमसभा समारोह होता है तथा आमसभा में ही केन्द्रीय कार्यकारिणि का निर्वाचन होता है। फोरम द्वारा संचालित अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा महासचिव जी के प्रतिवेदन में किया गया है।

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक का अंकेक्षित लेखा प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक वर्ष लेखा का सनदि लेखाकार से अंकेक्षण कराया जाता है। अंकेक्षित लेखा का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष सरकार को भेजा जाता है तथा रिटर्न भी जमा किया जाता है। कुशवाहा अभियंता फोरम के नाम दो बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक, सगुना मोड़, पटना में खाता सं0 2913000100107514 तथा 2913000100110341, IFSC Code- PUNB0757700 है। जिसमें कहीं से भी फोरम के लिये किसी मद का सहयोग राशि उन खातों में डाला जा सकता है।

फोरम द्वारा संचालित कार्यक्रमों जैसे कल्याण कोष, मैरेज ब्यूरो, जगदेव स्मृति छायवृति एवं कार्यालय के भवन निर्माण मुख्य विषय है। वर्तमान सत्र में उपरी तल पर ईंट जोड़ाई कार्य सम्पन्न हो गया है। लिफ्ट लगाने का कार्य हुआ है। उपरी तल का फिनीसींग कार्य एवं साज-सज्जा का कार्य कराना है। सदस्यों द्वारा सहयोग मिला है तथा शेष कार्य कराने हेतु सहयोग का अपील करता हूँ।

मैं पुनः आप सबका आभार व्यक्त करता हूँ कि आपलोगों ने अबतक विभिन्न मदों में स्वेच्छा पूर्वक भरपूर आर्थिक सहयोग प्रदान कर फोरम द्वारा संचालित कार्यक्रमों को सफल बनाया है।

जय हिन्द, जय कुशवाहा अभियंता फोरम !

इ० रामानुज प्रसाद वर्मा
कोषाध्यक्ष